रांची में स्प्रिट का कंटेनर धराया, करोड़ों की नकली शराब बनाने की साजिश विफल

रांचीः अवैध और नकली शराब के तस्करों पर राजधानी रांची में उत्पाद विभाग और पुलिस की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी क्रम में उत्पाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए ओरमांझी इलाके से एक कंटेनर स्प्रिट के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है.

नकली शराब बनाने के लिए लाया जा रहा था स्प्रिट

राजधानी रांची में नकली शराब बनाने के लिए बड़े पैमाने पर स्प्रिट लाए जाने की सूचना पर उत्पाद विभाग ने रांची के ओरमांझी इलाके में छापेमारी कर एक कंटेनर स्प्रिट बरामद किया है. उत्पाद विभाग को यह जानकारी मिली थी कि पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के कुछ तस्कर रांची में नकली शराब बनाने वाले सिंडिकेट को बड़े पैमाने पर स्प्रिट की सप्लाई करने वाले हैं.

सूचना मिलने पर राजधानी रांची की तरफ आने वाले तमाम एनएच पर पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने नाकेबंदी कर स्प्रिट के कंटेनर की तलाश शुरू कर दी. इसी क्रम में ओरमांझी के पास पुलिस के नाकेबंदी को देखकर कंटेनर को सड़क पर ही खड़ा कर तीन व्यक्ति फरार होने की कोशिश करने लगे. जिन्हें उत्पाद विभाग के कर्मियों ने खदेड़ कर पकड़ लिया. पकड़े गए तीनों तस्कर हरियाणा के रहने वाले हैं.

30 लाख की है स्प्रिट

उत्पाद विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बरामद स्प्रिट की कीमत 30 लख रुपए से ज्यादा है. मामले में गिरफ्तार किए गए तीनों तस्करों से उत्पाद विभाग की टीम पूछताछ कर रही है. गिरोह का तार पंजाब, हिमाचल और हरियाणा से जुड़ा हुआ है.

करोड़ों की बनती है शराब

शराब माफिया का कंटेनर अगर पकड़ा नहीं जाता तो कंटेनर में जितना स्प्रिट भरा पड़ा है उससे करोड़ों का नकली शराब तैयार किया जाता. जिस पर त्योहारों के मौसम में बाजार में खफाया जाता. गिरफ्तार तीनों तस्करों से उत्पाद विभाग की टीम पूछताछ कर रही है ताकि झारखंड में उनके नेटवर्क का खुलासा हो सके.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/excise-department-seized-container-laden-with-spirit-in-ranchi-jharkhand-news-jhs24082003363